ई, मेल :- dforudraprayag@gmail.com
फोन/ फैक्स नं0 :- 01364 – 233505::
पता –: माई की मढ़ी निकट जवाडी बाईपास रूद्रप्रयाग

# कार्यालय उप वन संरक्षक, रूद्रप्रयाग वन प्रभाग, रूद्रप्रयाग।

पत्रांक :– 1027 / 12-1(2) दिनांक 25/10/ 2021::

सेवा में,

अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0,
ऊखीमठ।

विषय :– **जनपद रुद्रप्रयाग के विधानसभा क्षेत्र केदारनाथ के विकासखण्ड अगस्त्यमुनि में बेड़ूबगड़–जगोठ मोटर मार्ग से सौड़ी गांव तक मोटर मार्ग के निर्माण हेतु 0.615 है0 वन भूमि का गैर वानिकी कार्यों हेतु लोक निर्माण विभाग को हस्तान्तरण। PROPOSAL NO.- FP/UK/ROAD/31257/2018**

सन्दर्भ :– आपका पत्रांक–4281/13सी0 दिनांक 29.09.2021।

महोदय,

भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, क्षेत्रीय कार्यालय, देहरादून ने उनकी पत्र संख्या–08बी/यू0सी0पी0/06/04/2020/एफ0सी0/2501 दिनांक 07.02.2020 के द्वारा विषयगत प्रकरण में सैद्धान्तिक स्वीकृति प्रदान कर दी है। सैद्धान्तिक स्वीकृति में प्रदत्त अध्यारोपित शर्तों के अनुपालन में जमा की जाने वाली धनराशियों का संशोधित डिमांड नोट निम्न प्रकार प्रेषित है–

(1) सैद्धान्तिक स्वीकृति की शर्त संख्या–1 के अनुपालन में (0.615 ha. X 2=1.23 X 1000 = 1230) 1230 वृक्षों के वृक्षारोपण एवं 10 वर्षों तक रखारखाव हेतु देय धनराशि प्रमुख वन संरक्षक उत्तराखण्ड की पत्र संख्या–1459/3–5–2 दिनांक 01.07.2021 में उल्लिखित वसूली वर्ष 2021–22 के लिये निर्धारित दर के अनुसार रुपये 1230 वृक्ष @ 1464.00 = 1800720.00 (अट्ठारह लाख, सात सौ बीस) मात्र की धनराशि जमा की जानी है।

(2) सैद्धान्तिक स्वीकृति की शर्त संख्या–2 के अनुपालन में ऑन लाईन भरे गये प्रपत्र–भाग–2 के अनुसार प्रशनगत क्षेत्र इको क्लास–V के अन्तर्गत घनत्व 0.40 है0 तद्नुसार भारत सरकार पर्यावरण एवं वन मंत्रालय नई दिल्ली के पत्र संख्या–5–3/2007–एफ0–सी0 दिनांक 05.02.2009 में उल्लिखित दरों के अनुसार रुपये 0.615 ha. @ 845000.00/ha. = 519675.00 (पांच लाख, उन्नीस हजार, छः सौ पिच्चत्तर) मात्र की धनराशि जमा की जानी है।

अतः उपरोक्तानुसार आंकलित की गई धनराशियों का अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी, वन संरक्षण, भूमि सर्वेक्षण निदेशालय, इन्दिरा नगर, फॉरेस्ट कालोनी, देहरादून कार्यालय से सत्यापित होने के पश्चात् सैद्धान्तिक स्वीकृति में उल्लिखित शर्त संख्या–4 के नियमानुसार उक्त आंकलित धनराशियों को जमा करना सुनिश्चित करें।

Ameen R.K.C.
08/11/2021
E.E.
3.11.21

भवदीय

उप वन संरक्षक,
रूद्रप्रयाग वन प्रभाग, रूद्रप्रयाग।

संख्या– /दिनांकित।

प्रतिलिपि :– अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी, वन संरक्षण, भूमि सर्वेक्षण निदेशालय, इन्दिरा नगर, फॉरेस्ट कालोनी, देहरादून को सूचनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि :– जिलाधिकारी, रुद्रप्रयाग को सूचनार्थ प्रेषित।

उप वन संरक्षक,
रूद्रप्रयाग वन प्रभाग, रूद्रप्रयाग।

1